संख्या-03/2021/98/86-2021-58(सा0)/2019

प्रेषक,

डा0 रोशन जैकब,

सचिव,

उ0प्र0 शासन।

सेवा में,

निदेशक,

भूतत्व एवं खनिकर्म,

उ0प्र0, लखनऊ।

भूतत्व एवं खनिकर्म अनुभाग लखनऊ दिनांक 18 फरवरी, 2021

विषयः-भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के खनन प्रशासन के सुदृढ़ीकरण हेतु पदों का सृजन।

महोदय,

उपर्युक्त विषयक अपने पत्र सं0-2263/ई0-दिनांक 01.01.2021 एवं अनुवर्ती पत्र सं0-2401/एम-1ए 110/2011 दिनांक 13.01.2021 का कृपया सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। उक्त पत्रों द्वारा क्रमशः खनन प्रशासन को सशक्त बनाने हेतु विभाग में उपलब्ध रिक्त 34 पदों को आस्थगन योग्य चिन्हित करते हुये, कार्य एवं राजस्व हित में न्यूनतम आवश्यकता के दृष्टिगत विभिन्न पदों के सृजन का प्रस्ताव उपलब्ध कराया गया है।

2. उक्त के सम्बन्ध में सम्यक् विचारोपरान्त मुझे यह कहने का निदेश हुआ है कि कार्य एवं राजस्व हित में न्यूनतम आवश्यकता के दृष्टिगत, विभागीय कार्य प्रणाली में परिवर्तन, सूचना प्रौद्योगिकी के अनुप्रयोग आदि कारणों से वर्तमान में अप्रासंगिक 34 पदों, जिनका विवरण संलग्नक-एक में अंकित है, को समाप्त करते हुये, संलग्नक-दो में उल्लिखित मैट्रिक्स लेवल में अस्थायी रूप से अपर निदेशक के 01 पद, मुख्य खान अधिकारी का 01 पद संयुक्त निदेशक के रूप में परिवर्तित कर एक अतिरिक्त पद सहित संयुक्त निदेशक के 02 पद, ज्येष्ठ खान अधिकारी के 10 पद, खान अधिकारी के 20 पद एवं सर्वेक्षक के 20 पदों को अस्थायी रूप से निम्नलिखित शर्तों एवं प्रतिबन्धों के अधीन श्री राज्यपाल महोदय तात्कालिक प्रभाव से सृजित करने की सहर्ष स्वीकृति प्रदान करते है:-

(1) निदेशालय हेतु सृजित अपर निदेशक के उपरोक्त एक पद को ज्येष्ठ खान अधिकारियों से पदोन्नत संयुक्त निदेशकों में से, संगत सेवा नियमावली में विहित प्रक्रियानुसार, पदोन्नति द्वारा भरा जायेगा।

(2) मुख्य खान अधिकारी का पदनाम संयुक्त निदेशक के रूप में परिवर्तित करते हुये निदेशालय हेतु एक अतिरिक्त पद सहित संयुक्त निदेशक के इन 02 पदों को केवल ज्येष्ठ

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

खान अधिकारियों में से संगत सेवा नियमावली में विहित प्रक्रियानुसार पदोन्नति द्वारा भरा जायेगा।

(3) प्रत्येक क्षेत्रीय कार्यालय हेतु एक-एक तथा मुख्यालय हेतु एक अतिरिक्त पद सहित ज्येष्ठ खान अधिकारी के कुल 10 पद सृजित किये जा रहे हैं।

(4) जनपद झांसी, प्रयागराज, सोनभद्र और महोबा में अब केवल ज्येष्ठ खान अधिकारी तैनात किए जायेंगे। उक्त जनपदों में खान अधिकारी की तैनाती नहीं की जायेगी।

(5) खान अधिकारी के 20 पद क्रमशः-कुशीनगर, इटावा, बलिया, महराजगंज, कानपुर देहात, सीतापुर, बस्ती, कन्नौज, अयोध्या, अम्बेडकरनगर, शामली, बहराइच, गोण्डा, चन्दौली, बदायूं, आजमगढ़, रायबरेली, लखीमपुर खीरी, शाहजहांपुर, अमरोहा जनपदों के लिए सृजित किये जा रहे हैं। उक्त के अतिरिक्त जनपद-झांसी, प्रयागराज, सोनभद्र और महोबा हेतु पूर्व सृजित खान अधिकारी के 04 पदों के सापेक्ष 04 खान अधिकारियों को-हरदोई, औरैया, फिरोजाबाद तथा गाजीपुर में तैनात किया जायेगा।

(6) नौ (09) क्षेत्रीय कार्यालयों हेतु 2-2 तथा मुख्यालय हेतु 2 पदों सहित सर्वेक्षक के कुल 20 पद सृजित किये जा रहे हैं।

(7) उक्त अस्थायी पदों का सृजन दिनांक 28.02.2021 तक के लिये किया जा रहा है, जिनकी निरन्तरता आवश्यकतानुसार समय-समय पर बढ़ायी जायेगी।

(8) उक्त सृजित पदों की सेवा शर्तों के सम्बन्ध में संगत सेवा नियमावलियों में तत्काल यथावश्यक संशोधन कर लिया जायेगा।

3. उक्तानुसार सृजित पदों पर होने वाला व्यय वित्तीय वर्ष 2020-21 के आय-व्ययक अनुदान संख्या-4 के लेखा-शीर्षक "2853-अलौह खनन तथा धातुकर्म उद्योग-02-खानों का विनियमन तथा विकास-001-निदेशन तथा प्रशासन-03-खनन प्रशासन की योजना के अन्तर्गत संगत मानक मद के नामें डाला जायेगा।

4. यह आदेश वित्त विभाग के अशासकीय सं0-131/ई-6/दस-2021 दिनांक 18 फरवरी, 2021 में प्राप्त उनकी सहमति से जारी किया जा रहा है।

भवदीया,

(डा0 रोशन जैकब)

सचिव।

संख्या-98/86-2021-58(सा0)/2019, तद्दिनांक।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. महालेखाकार, लेखा एवं हकदारी प्रथम, उ0प्र0, इलाहाबाद।
2. सम्बन्धित मण्डलायुक्त, उत्तर प्रदेश।
3. सम्बन्धित जिलाधिकारी, उत्तर प्रदेश।
4. सम्बन्धित कोषाधिकारी, उत्तर प्रदेश।

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in

5. वित्त (वेतन आयोग) अनुभाग-1/2।
6. वित्त (व्यय-नियंत्रण) अनुभाग-6।
7. गार्ड फाईल।

आज्ञा से

(हृदय नारायण सिंह यादव)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संलग्नक-1

(शा0 सं0-98/86-2021-58(सा0)/2019, दिनांक 18 फरवरी, 2021 का संलग्नक)

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग के समाप्त किये जाने वाले रिक्त 34 पदों का विवरण

क्र0सं0	रिक्त पदों का विवरण	वेतनबैण्ड	समाप्त किये जाने वाले रिक्त पदों की संख्या
	समूह 'ख'		
1.	प्रभारी अधिकारी एक्सरे	15600-39100 ग्रेड पे-5400	01
	समूह 'ग'		
2.	प्राविधिक सहायक भूविज्ञान	9300-34800 ग्रेड पे-4600	05
3.	जैक हैमर ड्रिलर	5200-20200 ग्रेड पे-1900	03
4.	वेधक	9300-34800 ग्रेड पे-4200	01
5.	वेधन सहायक	5200-20200 ग्रेड पे-2400	04
6.	ड्रिल आपरेटर	5200-20200 ग्रेड पे-1900	06
7.	वेधन भण्डार लिपिक	5200-20200 ग्रेड पे-1900	01
8.	प्राविधिक सहायक रसायन	9300-34800 ग्रेड पे-4600	01
9.	सीनियर लैब टेक्नीशियन	5200-20200 ग्रेड पे-2800	01
10.	गैस प्लान्ट आपरेटर	5200-20200 ग्रेड पे-1900	02
11.	भण्डार अधीक्षक	5200-20200 ग्रेड पे-2800	01
12.	भण्डारी	5200-20200 ग्रेड पे-2000	02
	समूह 'घ'		
13.	शॉट फायरर	5200-20200 ग्रेड पे-	01

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

		1800	
14.	फील्ड परिचर	5200-20200 ग्रेड पे-1800	02
15.	वेल्डर	5200-20200 ग्रेड पे-1800	01
16.	फोटो सहायक	5200-20200 ग्रेड पे-1800	01
17.	साइक्लोस्टाइल आपरेटर	5200-20200 ग्रेड पे-1800	01
		योग	34

(हृदय नारायण सिंह यादव)
उप सचिव।

http://shasanadesh.up.gov.in

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।
2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

संलग्नक-2

(शा0 सं0-98/86-2021-58(सा0)/2019, दिनांक 18 फरवरी, 2021 का संलग्नक)

भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग हेतु सृजित पदों का विवरण

क्रम सं0	पदनाम	सृजित पदों की संख्या	वेतन/मैट्रिक्स लेवल	अभ्युक्ति
1	अपर निदेशक	1	मैट्रिक्स लेवल-13 (रू0 1,23,100-2,15,900)	
2	संयुक्त निदेशक	2	मैट्रिक्स लेवल-12 (रू0 78,800-2,09,200)	संयुक्त निदेशक के दर्शाये गये 02 पदों में से 01 पद मुख्य खान अधिकारी के संयुक्त निदेशक के पदनाम परिवर्तन का है एवं 01 पद संयुक्त निदेशक के सृजन का है।
3	ज्येष्ठ खान अधिकारी	09 पद- क्षेत्रीय कार्यालयों एवं 01 पद- मुख्यालय हेतु अर्थात कुल-10 पद	मैट्रिक्स लेवल-11 (रू0 67,700-2,08,700)	
4	खान अधिकारी	20	मैट्रिक्स लेवल-10 (रू0 56,100-1,77,500)	
5	सर्वेक्षक	18 पद-क्षेत्रीय कार्यालयों एवं 02 पद- मुख्यालय हेतु अर्थात कुल-20 पद	मैट्रिक्स लेवल-4 (रू0 25,500-81,100)	

(हृदय नारायण सिंह यादव)
उप सचिव

1- यह शासनादेश इलेक्ट्रानिकली जारी किया गया है, अतः इस पर हस्ताक्षर की आवश्यकता नही है ।

2- इस शासनादेश की प्रमाणिकता वेब साइट http://shasanadesh.up.gov.in से सत्यापित की जा सकती है ।

http://shasanadesh.up.gov.in